भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्याः 3881**

उत्तर देने की तारीख 18 दिसम्बर, 2024 (बुधवार)

27 अग्रहायण, 1946 (शक)

**प्रश्न**

**त्रिपुरा में एनईसी निधियों के अंतर्गत परियोजनाएं**

3881. **श्री बिप्लब कुमार देबः**

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान त्रिपुरा राज्य में उत्तर पूर्व परिषद (एनईसी) की निधियों के अंतर्गत स्वीकृत और पूरी की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ख) एनईसी निधियों के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की जवाबदेही, पारदर्शिता, प्रशासनिक प्रभावकारिता और समय पर कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री**

**(डॉ. सुकान्त मजूमदार)**

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान, त्रिपुरा राज्य के लिए पूर्वोत्तर परिषद की निधियों {एनईसी की स्कीमें और एनईएसआईडीएस (सड़कें)} के अंतर्गत 512.38 करोड़ रुपये मूल्य की 49 परियोजनाएं स्वीकृत की गईं जिनमें से 303.92 करोड़ रुपये मूल्य की 15 परियोजनाएं पूरी हो गईं। वर्ष-वार विवरण निम्नानुसार हैः

| वित्त वर्ष | स्वीकृत | | पूर्ण* | |
|---|---|---|---|---|
| | परियोजनाओं की संख्या | स्वीकृत लागत (करोड़ रुपये में) | परियोजनाओं की संख्या | स्वीकृत लागत (करोड़ रुपये में) |
| 2019-20 | 2 | 22.82 | 2 | 7.03 |
| 2020-21 | 14 | 44.85 | 1 | 1.59 |
| 2021-22 | 21 | 239.01 | 5 | 28.06 |
| 2022-23 | 9 | 37.42 | 1 | 4.34 |
| 2023-24 | 3 | 168.28 | 6 | 262.9 |
| **कुल** | **49** | **512.38** | **15** | **303.92** |

*इसमें विगत वर्षों के दौरान स्वीकृत परियोजनाएं भी शामिल हैं।

(ख) जवाबदेही, पारदर्शिता, प्रशासनिक प्रभावकारिता और समय पर कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय/एनईसी द्वारा उठाए गए कदमों में शामिल है:

- एनईसी के अधिकारियों द्वारा क्षेत्र निरीक्षण;
- कार्यान्वयन एजेंसियों और संबंधित राज्य सरकारों के साथ नियमित समीक्षा बैठकें और अनुवर्ती कार्रवाई;
- उत्तर पूर्वी अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (एनईएसएसी) के सहयोग से परियोजना निगरानी मोबाइल ऐप शुरू करना;
- परियोजना प्रस्ताव, निधियों की मांग, उपयोग प्रमाणपत्र, पूर्णता प्रमाणपत्र आदि प्रस्तुत करने के लिए पूर्वोत्तर विकास सेतु पोर्टल का उपयोग।

******